आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 28.10.2024
समय 1305

पहले मुख्य समाचार :–

- केदारनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए आज भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल और कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत नामांकन पत्र दाखिल कर रहे हैं।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता पर विशेष बल दिया है।
- केन्द्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा – वादे के अनुसार धान की खरीद की जाएगी और उसका एक भी दाना नहीं छूटेगा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल वर्चुअली एम्स ऋषिकेश में देश की पहली हेली एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ करेंगे।
-

केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव प्रत्याशी

भारतीय जनता पार्टी ने रुद्रप्रयाग जिले की केदारनाथ विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। भाजपा ने केदारनाथ सीट से आशा नौटियाल को उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह की ओर से जारी पत्र में इस बारे में जानकारी दी। इसी के साथ भाजपा–कांग्रेस दोनों राष्ट्रीय दलों की ओर से अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी गई है। कांग्रेस की ओर से पूर्व विधायक मनोज रावत को उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी आज आज नामांकन कर रहे हैं। आशा नौटियाल वर्तमान में भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष और बूथ सशक्तिकरण अभियान की प्रदेश सह संयोजक है। इससे पहले 2002 और 2007 में केदारनाथ विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुई थी। वहीं, कांग्रेस पार्टी ने केदारनाथ विधानसभा सीट से मनोज रावत पर लगातार तीसरी बार भरोसा जताया है। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने पहली बार मनोज रावत को अपना प्रत्याशी बनाया था और मनोज रावत ने इस सीट पर जीत हासिल की। हालांकि वर्ष 2022 में मनोज रावत को इस विधानसभा सीट से हार का सामना करना पड़ और वे तीसरे स्थान पर रहे।

शिष्टाचार भेंट

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता पर विशेष बल दिया है। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों के लोग, विशेषकर महिलांए कामकाज में व्यस्त रहने के कारण अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाती। राजभवन में राज्यपाल से टिहरी के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने टिहरी में प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने राज्यपाल को बताया कि जिले में महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने और स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को पैकेजिंग और ब्रांडिंग में सहायता देने पर कार्य किया जा रहा है। *जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में कराए गए एक सर्वेक्षण में सामने आया कि जिले में एक लाख से अधिक लोग एनीमिया से पीड़ित थे, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं थी। जिले में एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के सहयोग से स्कूलों और गांवों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। इस अभियान के बाद एनीमिया के मामलों में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है, और हल्के लक्षण वाले 22 हजार लोग एनीमिया से मुक्त हो चुके हैं। वहीं 27 हजार 238 मध्यम लक्षण वाले लोगों में से 17 हजार 321 लोग हल्के लक्षण की केटेगरी में आ गए हैं। 500 गंभीर लक्षण वाले लोगों में से 380 लोग मध्यम लक्षण की केटेगरी में आ गए हैं और यह सुधार लगातार जारी है। राज्यपाल ने इस अभियान और पर्यटन को बढ़ावा देने की पहल के लिए टिहरी जिला प्रशासन की सराहना की।*

सतर्कता जागरूकता सप्ताह

आज से देश भर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को बढ़ावा देना और भ्रष्टाचार मुक्त समाज बनाना है। यह सप्ताह शासन और सार्वजनिक प्रशासन में नैतिकता और पारदर्शिता की आवश्यकता के बारे में अधिक संवेदनशीलता पैदा करने के लिए मनाया जाता है। इस सप्ताह का विषय है– राष्ट्र की समृद्धि के लिए ईमानदारी की संस्कृति। सप्ताह का आरंभ मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, बैंकों और अन्य सभी संगठनों में लोक सेवकों की ओर से संकल्प लेने के साथ होगा। सप्ताह के दौरान भ्रष्ट आचरण के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए कई समारोह आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिन वाले सप्ताह में किया जाता है।

जन जागरूकता सप्ताह देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में विजिलेंस की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि विजिलेंस को और पारदर्शी बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आज देहरादून स्थित सतर्कता मुख्यालय में सत्यनिष्ठा की संस्कृति पर आधारित सतर्कता जन जागरूकता सप्ताह 2024 और प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया। जनजागरूकता शिविर में विजिलेंस के ढांचें और कार्यप्रणाली को और मजबूत करने की दिशा में मंथन किया जाएगा।

धान खरीद

उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि खरीफ विपणन सत्र 2024—25 के लिए निर्धारित एक सौ 85 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) धान की खरीद की जाएगी और धान का एक भी दाना नहीं छूटेगा। नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री जोशी ने घोषणा की कि चावल मिल मालिकों की शिकायत निवारण के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल जल्द ही शुरू किया जाएगा ताकि हितधारकों के सामने आने वाली किसी भी कठिनाई का तुरंत समाधान किया जा सके।

एयर एम्बुलेंस ऋषिकेश

उत्तराखंड में 108 एंबुलेंस सेवा की तर्ज पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स ऋषिकेश देश में पहली हेली एंबुलेंस सेवा शुरू करने जा रहा है। इस सेवा के शुरू होने से प्रदेश के किसी भी क्षेत्र से अति गंभीर रूप से घायल को हेली एंबुलेंस की मदद से एम्स ऋषिकेश में शीघ्र पहुंचाया जा सकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा वर्चुअल माध्यम से कल हेली एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ करेंगे। एम्स ऋषिकेश की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने बताया कि यह देश की पहली हेली एंबुलेंस सेवा होगी। संजीवनी योजना के अतंर्गत संचालित यह सेवा निःशुल्क होगी।

सरस मेला सम्पन्न

देहरादून में रेंजर्स ग्राउंड में आयोजित दस दिवसीय सरल मेला कल सम्पन्न हो गया। मेले में चार करोड़ 56 लाख से अधिक की बिक्री हुई है। सरस मेले में 20 राज्यों सहित उत्तराखंड के सभी जिलों से कुल 250 से अधिक स्टॉल लगाए गए। इनके अतिरिक्त, छोटे, फुटकर विक्रेताओं, फूड कोर्ट और खेल मनोरंजन से जुडें व्यवसायियों को भी स्थान दिया गया। ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि लखपति दीदी की संकल्पना को इस मेले के माध्यम से साकार किया गया है। श्री जोशी ने बताया कि देहरादून में बारह हजार से अधिक और राज्य में एक लाख 35 हजार से अधिक लखपति दीदी बनाई गई हैं। वर्ष 2025 तक डेढ लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

पुल निर्माण

नैनीताल जिले में हल्द्वानी—चोरगलिया मार्ग में शेर नाला पर 9 करोड़ 13 लाख रुपए की लागत से 120 मीटर लंबे पुल का निर्माण किया जाएगा।

नैनीताल—उधमसिंह नगर के सांसद अजय भट्ट ने प्रस्तावित पुल का भूमि पूजन किया। श्री भट्ट ने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र के निवासियों की मांग और मानसून काल के मद्देनजर शेर नाले पर पुल बनाया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अगले डेढ़ साल में यह पुल बनकर तैयार हो जाएगा।

सीएम से मुलाकात

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पर्यटक और तीर्थयात्रियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में पर्यटन और तीर्थाटन की योजनाओं के विकास के लिए और अधिक संसाधन जुटाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चारधाम और उसके संपर्क मार्गों पर यातायात प्रबंधन का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इस दौरान श्री धामी ने यात्रा मार्ग की सड़कों के चौड़ीकरण और पार्किंग के लिए केंद्रीय मंत्री से सहयोग मांगा। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से पर्यटन के विस्तार की संभावना को देखते हुए नए टूरिस्ट स्पॉट विकसित करने के लिए भी सहयोग मांगा।

अभियान

देहरादून नगर निगम, शहर में अवैध तरीके से लगाए गए होर्डिंग्स, पोस्टर और बैनर हटाने का अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत अब तक तीन हजार से अधिक बैनर और पोस्टर हटाए गए हैं। दून नगर निगम के अपर नगर आयुक्त वीर सिंह बुदियाल, उप नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल व अन्य अधिकारियों के नेतृत्व में यह यह अभियान चलाया जा रहा है। अपर नगर आयुक्त वीर सिंह बुदियाल ने बताया कि अभियान के तहत दस टीमें गठित की गई हैं, जो शहर के अलग–अलग क्षेत्रों में अभियान चला रही हैं।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर———

- केदारनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए आज भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल और कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत नामांकन पत्र दाखिल कर रहे हैं।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता पर विशेष बल दिया है।
- केन्द्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा – वादे के अनुसार धान की खरीद की जाएगी और उसका एक भी दाना नहीं छूटेगा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल वर्चुअली एम्स ऋषिकेश में देश की पहली हेली एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ करेंगे।